मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय ,वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक/435/4505547/2025/ भोपाल, दिनांक 26/03/2025

प्रति,

कलेक्टर
समस्त जिला, मध्यप्रदेश

विषयः-स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत ''प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 आयोजित किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश।

---00---

स्कूल चले हम अभियान **01 अप्रेल से 04 अप्रेल 2025** तक आयोजित किया जायेगा। प्रदेश के विद्यालयों में दिवसवार आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा एवं निर्देश निम्नानुसार है -

**01 अप्रेल 2025: "प्रवेशोत्सव"**

**1. राज्य स्तरीय आयोजन:** माननीय मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश शीघ्र जारी किये जायेंगे।

**2. ज़िला/शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम:**

2.1 ज़िले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला स्तर की किसी एक शाला में एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में माननीय सांसद, विधायक , शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता हेतु उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाए।

2.2 उपस्थित छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तके वितरित की जाए।

2.3 ग्राम/बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाए।

2.4 कक्षा 1 से 8 तक की सभी शालाओं में 1 अप्रेल को बाल सभा का आयोजन किया जायेगा।

2.5 समस्त शालाओं में विशेष भोज का आयोजन किया जाए।

**02 अप्रेल: "भविष्य से भेंट कार्यक्रम"**

1. माननीय जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जाए।
2. स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए।
3. आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।
4. ज़िला कलेक्टर के द्वारा ज़िले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद करने हेतु शालाओं का आवंटन किया जाएगा।

**03 अप्रेल 2025: विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधि**

1. पालको के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधि आयोजित की जाएगी जिससे उनका जुड़ाव विद्यालय से हो।
2. विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं के बारे में विद्यालय स्टॉफ द्वारा पालकों को अवगत कराया जाए।
3. विगत अकादमिक वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाए।

**04 अप्रेल 2025:**

1. **हार के आगे जीत है** ध्येय के माध्यम से वर्ष 2025 की परीक्षा में कक्षोन्नती प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में पुनः प्रवेश हेतु अभिभावकों को आमंत्रित कर प्रेरित करे।
2. **शाला प्रबंधन समिति एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक** का आयोजन किया जायेगा। बैठक में नवीन अकादमिक सत्र में अनामांकित बच्चो का विद्यालय में

शतप्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु समिति सदस्यों के साथ चर्चा की जाए एवं कार्ययोजना बनाई जाए।

स्कूल चलें अभियान 2025 अंतर्गत उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर कार्यक्रम संपन्न कराने का कष्ट करें ।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

26/3/25

(प्रमोद सिंह)
उप सचिव
म.प्र.शासन,स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक/436/450554 /2025/ भोपाल, दिनांक 26/03/2025

प्रतिलिपिः-

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल
2. विशेष सहायक, मा.मंत्री जी परिवहन एवं स्कूल शिक्षा,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल
3. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल
4. अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल
5. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय
6. आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. भोपाल
7. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र भोपाल
8. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प. भोपाल
9. राज्य समन्वयक, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति अभियान, विन्ध्याचल भवन, भोपाल म.प्र.।
10. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग म.प्र.
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र.
12. समस्त जिला सहायक आयुक्त/संयोजक जनजातीय कार्य विभाग
13. समस्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र म.प्र.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

14. आर्डर बुक

26/3/25

उप सचिव
म.प्र.शासन,स्कूल शिक्षा विभाग